
7|12



HAR/SD/19/239061
Ankush Sangwan





HAR/SD/19/239009

## एन.सी.सी. कैडेट्स ने सामान्य हस्पताल में खोला सहायता केन्द्र

राजकीय महाविद्यालय जीन्द के द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं 15 हरियाणा बटालियन जीन्द के निर्देशानुसार सामान्य नागरिक हस्पताल जीन्द में मरीजों की देखभाल एवं आपातकालीन सेवाओं हेतु एक सहायता केन्द्र स्थापित किया गया। जिसके तहत 15 हरियाणा बटालियन जीन्द के एन.सी.सी. कैडेट्स की अस्पताल के भिन्न विभागों में ड्यूटी लगायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफटिनेंट पंकज बतरा ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक एन.सी.सी. कैडेट्स को 2 घण्टे प्रतिदिन के हिसाब से 20 दिन हस्पताल के Emergency Ward, Isolation Ward आपातकालीन विभाग, प्रसूति गृह आदि में सेवा का मौका दिया जायेगा। सभी कैडेट्स की ड्यूटी रोटेशन में लगायी जायेगी ताकि इनमे समाज सेवा की भावना पनप सके। प्रत्येक कैडेट को 40 घण्टे पूरे करने के उपरान्त हस्पताल की तरफ से एक प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। पहले राउण्ड में एन.सी.सी. कैडेट्स भारत, राहुल, इन्दु, अनीता, अंकुश एवं पूनम की हस्पताल में ड्यूटी लगायी गयी। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती शीला दहिया एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयंतो घोष ने सभी कैडेट्स को समाज सेवा के इस कार्य में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं भेंट की।

CT/ANO
Company No-1/15
Govt. P.G. College, JIND

# राजकीय कॉलेज में 66 यूनिट रक्त एकत्र




ANI

जींद| राजकीय महाविद्यालय द्वारा कॉलेज कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस, एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 77 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सभी रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई एवं उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। रिफ्रेशमेंट की ड्यूटी का कार्यभार एनसीसी के कैडेट्स को सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. तनाशा हुड्डा, प्रो. मुनीष, लेफ्टिनेंट पंकज बतरा, प्रो. विक्रम ढांडा, प्रो. पूनम उपस्थित रहे। महाविद्यालय के युवा प्राध्यापकों प्रो. मनोज, प्रो. सोनू सिहाग, प्रो. नीरू, प्रो. भूपेंद्र, प्रो. पंकज बतरा ने भी रक्तदान किया।

28/1/2021

05/06/2021

"प्रकृति को जोड़ने का एक विशेष दिन: विश्व पर्यावरण दिवस"

सरकारी पीजी कॉलेज के एन.सी.सी कैडेटों द्वारा वृक्षारोपण गतिविधि

जींद 5 जून, सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज, जींद (नंदिनी श्योराण)

शीला दहिया, सीओ कर्नल जयंती घोष, लेफ्टिनेंट पंकज बरा और सीटी पूनम के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया.

प्रिंसिपल शीला दहिया ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति और प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि वे पर्यावरण की रक्षा कैसे कर सकते हैं

साथ ही सीओ जयंती घोष ने एनसीसी कैडेट्स को पौधरोपण करने और दूसरों को जागरूक करने और कीमती पर्यावरण की देखभाल करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने के लिए प्रेरित किया।

कैडेटों ने अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया और इस मामले की गंभीरता के बारे में दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रत्येक कैडेट ने पौधरोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया

कैडेटों ने स्वस्थ पर्यावरण के महत्व को दर्शाने वाले पोस्टर बनाए। पोस्टरों में दर्शाया गया है कि हमारे द्वारा फैलाया गया प्रदूषण पर्यावरण और हम दोनों को कैसे प्रभावित कर रहा है। पोस्टर ने ही बहुत कुछ बयां कर दिया।

कैडेटों ने भाषण दिया जिसमें उन्होंने स्वस्थ पर्यावरण की गंभीरता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "एक सुनहरा भविष्य पाने के लिए, हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। यह हमारे लिए इसके महत्व को समझने का उच्च समय है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास की स्थिति को नियंत्रित रखें। सुरक्षित और स्वच्छ रहें। रहने की जगह और सांस लेने के लिए शुद्ध हवा और पीने के लिए साफ पानी... हमें जिम्मेदार होना होगा और स्वस्थ पर्यावरण के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर काम करना होगा।"

05/6/2021

CTIANO
Company No-1/15
Govt. P.G. College, JIND




25/8/2021

25/07/2021

Letter No:- PS/PCCF/629

# हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिएं : शीला दहिया

जीन्द : राजकीय महाविद्यालय जीन्द में गत दिवस ऑनलाईन माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल व वन एवं शिक्षा मंत्री हरियाणा कंवर पाल गुर्जर एवं प्रधान सचिव वन विभाग हरियाणा मार्गदर्शन व प्रेरणा से 72वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल व वन एवं शिक्षा मंत्री हरियाणा कंवर पाल गुर्जर ने वन व प्रकृति के महत्तव के बारे में ऑनलाईन सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्राचार्या शीला दहिया ने भी वृक्षों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारी पृथ्वी के सभी जीवों के लिए बहुत आवश्यक है। पेड़ हमें जीवन रूप वायु देता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार ऑक्सीजन के महत्व के बारे में सभी को पता लगा। इसलिये सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिये ताकि भविष्य में आक्सीजन की कमी ना रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं और इको क्लब की संयोजिका अंजना धवन, पंकज बत्तरा व डॉ. मनजीत ने भी भाग लिया।

KARGIL DEEWAS

26/07/2021

राजकीय महाविद्यालय जींद की NCC ईकाई के द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स के द्वारा शहीद मेजर विनय चौधरी की प्रतिमा की सफाई की गयी और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके अलावा कैडेट्स के द्वारा कारगिल विजय समारोह संदर्भ में शहीद हुए योद्धाओं की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Company No-... Govt. P.G. College, JIND



26/09/2020 - EBSB/Ek Bharat Shreshtha

















# वर्कशॉप में फर्स्ट एड की ट्रेनिंग के बारे में दी जानकारी

भास्कर न्यूज़ | जींद

राजकीय पीजी कॉलेज में उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से आयोजित रोड सेफ्टी पर जागरूकता वर्कशॉप का शनिवार को समापन हुआ। आयोजन ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन

डॉ. राजेश भोला ने शिरकत की। कार्यक्रम में खास तौर पर रेडक्रॉस सचिव राजकपूर सूरा और यातायात पुलिस से एसएस नरेश ढांडा रहे।

डॉ. राजेश भोला ने उपस्थित प्रतिभागियों को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने

है और किस प्रकार से अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर 108 डायल करके एंबुलेंस की सहायता ली जा सकती है। लोगों को कोरोना महामारी को गंभीरता से लेना चाहिए। पिछले कई महीने से कोरोना कंट्रोल में था

बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के लिए जारी गाइडलाइन की पालना करनी चाहिए। मास्क का प्रयोग नियमित तौर पर करना चाहिए। सचिव राजकपूर सूरा ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग और रक्तदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य

(2 Days Workshop on Road Safety Club & in Collaboration with Road Safety Club & Traffic Interpretation Centre, GC Jind

# 2 दिवसीय रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यशाला शुरू

जींद, 19 मार्च (ललित): राजकीय पी.जी. कॉलेज में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सैंटर और रोड सेफ्टी क्लब द्वारा 2 दिवसीय रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या शीला दहिया ने कहा कि इन दिनों सड़क सुरक्षा जीवन का अहम अंग बन चुका है। इस बारे जरूरी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के एस.आई. नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालना कर हादसों को कम किया जा सकता है इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह यातायात नियमों का पालन करे। दोपहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग जरूर करें। वाहन के कागजात अपने पास रखे। कार्यक्रम में रैडक्रॉस के सहायक सचिव सुरेंद्र श्योराण ने रक्तदान, अंगदान और प्राथमिक चिकित्सा बारे बताया। तीसरे सत्र में कैथल में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट के प्रबंधक राजबीर सिंह ने व्यावहारिक तरीके से वाहन चलाने बारे जानकारी दी। चौथे चरण में एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन अजमेर ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में 5वें सत्र में अनुपम भाटिया ने युवाओं को सामाजिक जागरूकता एवं दायित्वों बारे बताया। इस मौके पर प्रो. सुभाष दुग्गल, प्रो. शिव कुमार, प्रो. पंकज बतरा, प्रो. रामनिवास, प्रो. पूनम चहल, प्रो. शर्मिला आदि ने विशेष सहयोग दिया।

संवाद न्यूज एजेंसी

3rd one day camp (23-03-2021)
(शहीदी दिवस)

जींद। जिलेभर में मंगलवार को शहीदी दिवस मनाया गया। डीआईजी ओपी नरवाल ने शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि देश की प्रगति में ज्यादा से ज्यादा योगदान दें। यही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वहीं राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य शीला दहिया की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश भक्ति भावना का संचार करना चाहिए। आज युवाओं को शहीद स्वतंत्रता सेनानियों के दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। स्वयंसेवकों ने गोहाना रोड पर जागरूकता रैली भी निकाली। प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को देश की प्रगति में ज्यादा से ज्यादा योगदान देना चाहिए।

इधर, डाहौला स्थित न्यू प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे प्राचार्य लाजवंती ढिल्लों की अध्यक्षता में शहीदी दिवस पर

# स्वयंसेवकों ने खेल मैदान, पार्किंग व पार्क में किया श्रमदान

संवाद न्यूज एजेंसी



राजकीय पीजी कॉलेज में ओयोजित एनएसएस कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। संवाद




जागरुकता अभियान चलाते संस्था के सदस्य। संवाद

**जींद।** राजकीय पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य शीला दहिया के नेतृत्व में किया गया। स्वयंसेवकों ने खेल मैदान, पार्किंग व पार्क में श्रमदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। अगर हम अपने आसपास साफ सफाई रखेंगे तो बहुत सी बीमारियों पर रोक लग सकती है। इसके अलावा युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र तभी तरक्की कर सकता है जब उस देश का युवा सही दिशा में मेहनत करे। इस अवसर पर रामनिवास व पूनम चहल भी मौजूद रहे।

गया यह 263वां कार्यक्रम था। यह अभियान संस्था प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। सेव संस्था के सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों को

## स्वयंसेवकों ने सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान



**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में शुरुआत मां

07/2/21
अमर उजाला

# नशीली दवाओं और अवैध तस्करी के खिलाफ हुआ वेबीनार

26/06/2021

**⏭ ड्रग्स पर तथ्य साझा कर जीवन बचाएं थीम माध्यम से किया प्रहार**

जगत क्रांति ⏭ जींद

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर एक वेबीनार का आयोजन प्राचार्य शीला दहिया की अध्यक्षता में किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शिव कुमार ने बताया कि इस साल इसकी थीम ड्रग्स पर तथ्य साझा कर जीवन बचाएं हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनओडीसी के अनुसार दुनिया भर के लोगों खासकर बच्चों और युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना है। इसकी रिपोर्ट 2021 के मुताबिक पिछले वर्ष दुनिया भर में लगभग 275 मिलियन लोगों ने ड्रग्स का इस्तेमाल किया। भारत में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है। यहां हेरोइन, अफीम, भांग, कोकीन जैसे नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी होती है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर वेबीनार को संबोधित करते हुए समाजशास्त्र विभाग के फैकेल्टी डॉ मनजीत सिंह ने कहा कि भारत में जहरीली शराब पीने से बड़ी संख्या में आम लोगों की मौतें असमय हो रही हैं। नशा नींद को बढ़ा देता है और व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है। भारत में सस्ते और महंगे दोनों ही प्रकार का नशा और इसका व्यवहार बढ़ रहा है। बच्चे और युवा नासमझी में इसका शिकार बन रहे हैं और नशे में फंसकर सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर शिव कुमार प्रोफेसर, प्रोफेसर राम निवास, मनजीत सिंह तथा प्रोफेसर अन्नू का विशेष योगदान रहा।


आत्मनिर्भर भारत
Businesses including MSMEs